<u>आकाशवाणी गोरखपुर</u>
<u>प्रादेशिक समाचार</u>

<u>दिनांक–22 मार्च 2024</u> **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- आदर्श चुनाव आचार संहिता को लेकर निर्वाचन आयोग सख्त–सांसद और विधायक नहीं जारी कर सकेंगे योजनाओं के लिए निधि
- लोकसभा चुनाव के पहले चरण की आठ सीटों के लिए नामांकन की प्रक्रिया जारी, सत्ताइस मार्च तक किये जा सकेंगे नामांकन
- प्रदेश में होली पर्व को लेकर उत्साह का माहौल, रामलला विराजमान पहली बार खेलेंगे होली
- बदायूं कांड में फरार दूसरा आरोपी बरेली से हुआ गिरफ्तार

**********

प्रदेश में लोकसभा चुनावों को देखते हुए निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने के लिए कहा है । आयोग के दिशा निर्देशों के अनुसार आदर्श आचार संहिता लागू रहने के दौरान सांसद और विधायक अपने संसदीय या विधानसभा क्षेत्र में विकास योजनाओं के लिये कोई नई निधि जारी नहीं कर सकेंगे। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने इस बारे में सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजा है । पत्र के जरिये उन्होंने कहा है कि अगर कोई कार्य चल रहा है, तो उसे रोका नहीं जायेगा और उसका भुगतान भी हो सकता है, लेकिन नये कार्य शुरू नहीं होंगे। इसके अलावा जिन क्षेत्रों में योजनाएं मंजूर हो चुकी है और निर्माण से जुड़ी सामग्री खरीद कर साइट पर पहुंचाई जा चुकी है, ऐसी योजनाएं भी कार्यक्रम के अनुसार पूरी हो सकेंगी। उधर, मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने राज्यस्तरीय बैंकर्स समिति और सभी बैंकों के उच्च अधिकारियों के साथ भी बैठक कर स्पष्ट कर दिया है कि बैंकों को एक लाख या इससे अधिक के ट्रांजेक्शन की जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी को देनी होगी। यदि निकासी दस लाख रूपये से अधिक की होगी तो जिला निर्वाचन अधिकारी की ओर से इसकी सूचना आयकर विभाग के नोडल अधिकारी को भी देनी होगी।

**********

प्रदेश के आठ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन के दूसरे दिन भी कोई नामांकन नहीं हुआ, हांलाकि प्रत्याशियों की ओर से नामांकन पत्र खरीदे गये। लोकसभा चुनाव के प्रथम चरण में उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए नामांकन प्रक्रिया सुबह ग्यारह बजे से शुरू होकर तीन बजे तक चल रही है । नामांकन के दौरान आरओ–एआरओ कार्यालय में सिर्फ पांच लोगों को ही प्रवेश की अनुमति है।

सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर और पीलीभीत सीटों पर बीस मार्च से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई है। इन लोकसभा सीटों में सात सामान्य सीटें है, वहीं नगीना सीट आरक्षित है। पहले चरण के नामांकन करने की अंतिम तिथि सत्ताइस मार्च है। नामांकन पत्रों की जांच अट्ठाइस मार्च को होगी तथा तीस मार्च को नाम वापस लिये जा सकेंगे। प्रथम चरण के आठ लोकसभा क्षेत्रों में एक करोड़ तिरालिस लाख मतदाता है। इस चरण में होने वाले मतदान के लिये कुल सात हजार से अधिक मतदान केन्द्र और चौदह हजार आठ सौ बयालीस मतदेय स्थल बनाए गए हैं। उधर, आजाद समाज पार्टी के नेता चन्द्रशेखर के देर से पहुंचने पर बिजनौर लोकसभा सीट पर कल उनका नामांकन दाखिल नहीं हो सका।

**********

लोकसभा चुनाव में मतदान के दौरान मतदाता की पहचान के लिए चुनाव आयोग ने मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के रूप में बारह वैकल्पिक दस्तावेजों की सूची जारी की है। इनमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों–डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र–राज्य सरकार, फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी कार्ड शामिल है।

**********

समाजवादी पार्टी और अपना दल कमेरावादी के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कल पत्रकारों से बात करते हुए अपना दल कमेरावादी से गठबंधन की बात को नकार दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष दो हजार बाइस में कमेरावादी से गठबंधन था, लेकिन दो हजार चौबीस में यह गठबंधन नहीं है। उधर, अखिलेश यादव के बयान के थोड़ी देर पहले ही अपना दल कमेरावादी की नेता व विधायक पल्लवी पटेल ने भी प्रदेश की फूलपुर, कौशांबी और मिर्जापुर लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी।

**********

प्रदेश में होली पर्व को लेकर खासा उत्साह का माहौल है। विभिन्न जिलों में होली के पारम्परिक आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं । अयोध्या के रामजन्म भूमि परिसर के भव्य मंदिर में विराजमान रामलला पहली बार होली खेलेगें। इसके लिए भव्य आयोजन किया जा रहा है। रामलला कचनार के फूलों से बने प्राकृतिक गुलाल से होली खेलेगें। पौराणिक ग्रंथों के अनुसार कचनार, त्रेतायुग में अवध का राज्य वृक्ष भी था। उधर, मथुरा में कल का दिन छड़ीमार होली के नाम रहा। बड़ी संख्या में देश विदेश से आए पर्यटकों और श्रद्धालुओं ने होली का आनन्द उठाया। गोकुल में कई स्थानों पर कान्हा के बाल स्वरूप को पालकी में बिठाकर शोभा

यात्रा निकाली गई और गोपियों ने बाल गोपाल के साथ छड़ीमार होली खेली। भगवान कृष्ण का बचपन गोकुल में बीता था इसलिये बाल कृष्ण के साथ गोपिया छड़ीमार होली खेलती है। बाबा भोलेनाथ की नगरी काशी में कल चिता भस्म से होली खेली गई। हमारे प्रतिनिधि की एक रिपोर्ट

***बाबा की नगरी काशी में गुरुवार को मणिकर्णिका घाट पर जलती चिताओं के भस्म से होली खेली गयी। यहां भूत–पिशाच का वेश धारण किए लोगों में किसी ने चिताओं के भस्म से होली खेली, तो कोई डमरूओं के नाद पर थिरका। किसी ने चेहरे पर राख मला, तो कोई चिता भस्म से नहाया हुआ नजर आया, पूरा माहौल शिवमय रहा। यहा पर लोग चिताओं की राख को अपने देह पर मलते हैं। इसके साथ ही अधजली चिताओं पर गंगाजल और थोड़ी–सी भस्म भी छिड़का जाता है। जिससे उनकी आत्मा को जाते–जाते बाबा का प्रसाद मिल जाए। चिताओं की जलती राख को लोग शिव के प्रसाद के रूप में अपने मुंह मेंभी डालते है। मान्यता है कि रंग भरी एकादशी पर गौना कराकर लौटते समय बाबा विश्वनाथ ने देवताओं के साथ खूब होली खेले थे। लेकिन, भूत–प्रेत और औघड़ आदि के साथ होली नहीं खेल पाए थे। इसी वजह से बाबा ने अगले दिन महाश्मशान में भूतों की होली खेली थी। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

**********

दक्षिण अफ्रीका की टीम के क्रिकेटर केशव महाराज ने अयोध्या पहुंचकर कल रामलला का दर्शन पूजन किया। केशव लखनऊ सुपर जॉइंट्स की टीम के सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे। दक्षिण अफ्रीका के स्पिनर गेंदबाज केशव महाराज के साथ, सभी सदस्यों ने कोच जस्टिन लैंगर और जोंटी रोड्स के नेतृत्व में रामलला का दर्शन किया। उधर, श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने भी कल रामलला और कुबेश्वरनाथ का दर्शन पूजन किया । उन्होंने श्रीरामजन्मभूमि के दूसरे मंजिल पर और परिसर में चल रहे अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन किया । उन्होंने कहा कि मंदिर आने वाले रामभक्तों को बेहतर सुविधाएं प्रदान कराने के लिए ट्रस्ट कृत संकल्पित है।

**********

बदायूं जिले में दो सगें भाईयों की निर्मम हत्या के मामले में फरार चल रहे दूसरे आरोपी जावेद को भी कल बरेली जिला से गिरफ्तार कर लिया गया। जावेद, हत्या काण्ड के बाद से दिल्ली में रह रहा था और बरेली में सरेंडर करने आया था। बरेली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर बदायूं पुलिस को सौंप दिया है, जहां पुलिस उससे पूछ–ताछ कर रही है। इस मामले के मुख्य आरोपी जावेद के भाई साजिद का हत्याकाड वाले दिन ही इनकाउंटर हो चुका है।

**********

रामपुर जिले के चर्चित डूंगरपुर मामले में पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान सहित सभी आठ आरोपियों को कल एक मकानों पर बुलडोजर चलवाने और लूटपाट करने से संबंधित मुकदमे में बरी कर दिया गया। इस मामले में आजम खान और अन्य के खिलाफ बारह मुकदमें दर्ज हुए थे। इसमें से एक मुकदमे में सभी आरोपियों को पहले ही बरी किया जा चुका है, जबकि दूसरे मामले में आजम खान को सात साल की सजा और आठ लाख का जुर्माना लगाया जा चुका है।

उधर, बुलंदशहर जिले से भारतीय जनता पार्टी के सदर विधानसभा क्षेत्र से विधायक प्रदीप चौधरी द्वारा कोविड प्रोटोकॉल तथा आदर्श चुनाव संहिता का उल्लंघन करने के मामले में एमपी–एमएलए की विशेष अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। अदालत ने उनतीस मार्च को विधायक को न्यायालय में हाजिर होने का आदेश दिया है।

**********